चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-7-25 | 5 | 3 |

# हकृवि के 14 विद्यार्थियों का प्राइवेट सेक्टर में चयन

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाने, कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करने में अहम् भूमिका निभा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 5-7-25 | 9 | 2-4 |


# एचएयू के 14 विद्यार्थियों का लाखों के सालाना पैकेज पर हुआ चयन

■ कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिन 14 विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनमें एलटी फूड्स में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख वार्षिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा में जीएईटी के पद पर युगल का चयन 5.75 लाख वार्षिक, सोनालिका ट्रैक्टर्स में जीईटी के पद पर दर्शन बाजीगर व हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपए वार्षिक, हाइपर प्योर बाय जोमैटो में केटेगरी एसोसिएट के पद पर जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपये वार्षिक, बेयर क्रॉपसाइंस लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी के पद पर हितेश सैनी तथा रमन कुमार का चयन चार लाख रुपए वार्षिक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपये वार्षिक तथा बजाज अलायन्स में सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.7.25 | 4 | 3-4 |

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 14 का चयन

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के जिन 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है उनमें एलटी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख रुपए वार्षिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा में जीएईटी के पद पर युगल का चयन 5.75 लाख रुपए वार्षिक, सोनालिका ट्रैक्टर्स में जीईटी के पद पर दर्शन बाजीगर व हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपए वार्षिक, हाइपर प्योर बाय जोमैटो में केटेगरी एसोसिएट के पद पर जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपए वार्षिक, बेयर क्रॉपसाइंस लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी के पद पर हितेश सैनी तथा रमन कुमार का चयन 4 लाख रुपए वार्षिक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपए वार्षिक तथा बजाज अलायन्स में सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 05.07.2025 | -- | -- |


# हकृवि के 14 विद्यार्थियों का प्राइवेट सेक्टर में हुआ चयन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 5 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाने, कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करने में अहम् भूमिका निभा रहा है।

विश्वविद्यालय के जिन 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है उनमें एलटी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख रुपए वार्षिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा में जीएईटी के पद पर युगल का चयन 5.75 लाख रुपए वार्षिक, सोनालिका ट्रैक्टर्स में जीईटी के पद पर दर्शन बाजीगर व हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपए वार्षिक, हाइपर प्योर बाय जोमैटो में केटेगरी एसोसिएट के पद पर जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपए वार्षिक, बेयर क्रॉपसाइंस लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी के पद पर हितेश सैनी तथा रमन कुमार का चयन 4 लाख रुपए वार्षिक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपए वार्षिक तथा बजाज अलायन्स में सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने चयनित छात्रों को बधाई दी। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन में विद्यार्थयों की प्लेसमेंट के लिए भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयासरत हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5.7.25 | 10 | 6-8 |

# हकृवि के 14 विद्यार्थियों का प्राइवेट सैक्टर में चयन

*** विद्यार्थियों का लाखों रुपये के सालाना पैकेज पर हुआ चयन * काउंसलिंग व प्लेसमैंट सैल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित**

हिसार, 4 जुलाई (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाने, कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करने में अहम् भूमिका निभा रहा है।

विश्वविद्यालय के जिन 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है उनमें एलटी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख रुपए वार्षिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा में जीएईटी के पद पर युगल का चयन 5.75 लाख रुपए वार्षिक, सोनालिका ट्रैक्टर्स में जीईटी के पद पर दर्शन बाजीगर व हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपए वार्षिक, हाइपर प्योर बाय जोमैटो में केटेगरी एसोसिएट के पद पर जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपए वार्षिक, बेयर क्रॉपसाइंस लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी के पद पर हितेश सैनी तथा रमन कुमार का चयन 4 लाख रुपए वार्षिक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपए वार्षिक तथा बजाज अलायन्स में सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने चयनित छात्रों को बधाई दी। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयासरत हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5.7.25 | 4 | 6 |

## एचएयू के 14 विद्यार्थियों को मिले जॉब ऑफर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के 14 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि सत्यम पटेल का चयन 6.5 लाख रुपये, युगल का चयन 5.75 लाख रुपये, दर्शन बाजीगर और हर्ष कुमार का चयन 5 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ है।

वहीं जितेश सैनी, राहुल यादव व स्मृतिरेखा माझी का चयन 4.5 लाख रुपये, हितेश सैनी व रमन कुमार का चयन 4 लाख रुपये, प्रवेश व प्रीतम का चयन 3.5 लाख रुपये, कोमल यादव, सुनैना रानी व अंकित का चयन 3 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

सहछात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि प्लेसमेंट के लिए भविष्य में भी कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयासरत हैं। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5.7.25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि के कई विद्यार्थियों का कंपनियों में हुआ चयन

हिसार, 4 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सत्यम पटेल,दर्शन बाजीगर, हर्ष कुमार, जितेश सैनी, राहुल यादव, स्मृति रेखा माझी, हितेश सैनी, रमन कुमार, प्रवेश, प्रीतम, कोमल यादव, सुनैना रानी, अंकित का विभिन्न कंपनियों में भिन्न-भिन्न पदों पर चयन हुआ है।